संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E-Mail id : registrarsua@yahoo.in

क्रमांक/ 829 /परीक्षा/नामांकन/सत्र 2026–27 अम्बिकापुर, दिनांक 01/07/2026

अधिसूचना

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर द्वारा आयोजित की जाने वाली **CBCS/NEP** के तहत् स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षा में स्वाध्यायी/अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदकों/छात्र–छात्राओं के **प्रथम चरण में** विश्वविद्यालय के पोर्टल **www.sggcg.in** में ऑनलाईन पंजीयन एवं नामांकन के लिए निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है:–

क्र.	विवरण	तिथि एवं समय
01	ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन आवेदन करने की तिथि	दिनांक **01-07-2026** से **31-08-2026** तक
02	ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन आवेदन करने पश्चात् आवेदन की हार्ड कॉपी एवं समस्त आवश्यक दस्तावेज और विगत वर्ष में उत्तीर्ण परीक्षाओं के समस्त सेमेस्टर/वर्ष की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	दिनांक **01-07-2026** से **05-09-2026** तक
03	महाविद्यालय द्वारा आवेदक छात्र/छात्राओं के पंजीयन एवं नामांकन आवेदन को ऑनलाईन वेरीफाई करने के पश्चात् विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि	दिनांक **07-09-2026** से **10-09-2026** तक

महत्वपूर्ण निर्देश

1. ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन करने वाले आवेदक छात्र/छात्रा के द्वारा आवेदनों की हार्ड कॉपी महाविद्यालय के जमा करने पश्चात् आवेदन की जॉच करने, परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम अर्हता पूर्ण करते हैं अथवा नहीं, समस्त आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेज, **ABC ID/APAAR ID** की छायाप्रति, पहचान पत्र की छायाप्रति, माईग्रेशन, पात्रता प्रमाण पत्र आदि संलग्न किया गया है अथवा नहीं, की जॉच कर प्राचार्य द्वारा अथवा प्राचार्य द्वारा अधिकृत प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक/अधिकारी/कर्मचारी द्वारा पोर्टल में ऑनलाईन वेरीफाई करना होगा। ऑनलाईन वेरीफाई करने के पश्चात् ही आवेदक छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होने पर निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन कर सकेंगें।
2. पंजीयन एवं नामांकन आवेदनों को उपरोक्तानुसार दस्तावेजों सहित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा **कुलसचिव (परीक्षा), संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर** को विधिवत अग्रेषित करते हुये निर्धारित समयावधि में जमा करना होगा।
3. छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग से सत्र 2026–27 के लिए जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत, इस विश्वविद्यालय के अध्यादेश–55 और विनियम क्रमांक–13, संबंधित पाठ्यक्रम के अध्यादेश और परीक्षा संबंधी अध्यादेशों का अवलोकन करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग और इस विश्वविद्यालय से समय–समय पर जारी आदेशों/निर्देशो का अवलोकन करें।
4. जिन महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्र की मान्यता प्रदान की गई है, उन महाविद्यालयों मे बैठक क्षमता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था एवं सुविधा जैसे – महाविद्यालय का भवन, जिसमें प्राचार्य एवं स्टॉफ के लिए, पृथक परीक्षा नियंत्रण कक्ष/स्ट्रॉग रूम हो, परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था के लिए पर्याप्त कक्ष एवं प्रयोगशाला कक्ष हो, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ, सी.सी.टी.व्ही., जनरेटर (आकस्मिक परिस्थिति में सूचारू विद्युत व्यवस्था के लिए), कम्प्युटर, फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर आदि होने पर अतिरिक्त स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के पंजीयन के लिए विश्वविद्यालय में लिखित अनुरोध करने पर/विश्वविद्यालय के अधिकारियों के निरीक्षण उपरांत अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

01.07.2026

5. स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के पंजीयन के लिए महाविद्यालयों को पोर्टल में लॉगिन कर दर्ज करना होगा। महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग से पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए जिन विषयों में नियमित प्रवेश के लिए अनुमति प्रदान किया गया है और विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम एवं विषय के लिए संबद्धता प्रदान किया गया है, केवल उसी पाठ्यक्रम एवं विषय में ही स्वाध्यायी परीक्षार्थियों का पंजीयन किया जा सकेगा। निर्धारित सीट संख्या से अधिक स्वाध्यायी परीक्षार्थियों का पंजीयन विश्वविद्यालय के अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा।
6. विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी को पिछली अंतिम परीक्षा जिस बोर्ड, परिषद्, विश्वविद्यालय आदि से उत्तीर्ण या सम्मिलित हुये हैं, उस बोर्ड, परिषद्, विश्वविद्यालय से जारी किये गये प्रवजन प्रमाण पत्र (माईग्रेशन) की मूल प्रति जमा करना होगा।
7. आवश्यक होने पर आव्रजन शुल्क (ईमीग्रेशन) का भुगतान करना होगा और शुल्क जमा करने की रसीद/पावती प्रिंट कर जमा करना होगा।
8. विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2026–27 में पात्रता प्रमाण पत्र के लिए जारी किये गये दिशा–निर्देश के अनुसार पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर विश्वविद्यालय में आवेदन कर और विश्वविद्यालय से जारी पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करना होगा।
9. ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से पूर्व आवेदक को वेबसाईट **https://www.abc.gov.in, https://www.digilocker.gov.in** के माध्यम से **ABC ID/APAAR ID** बनाया जाना अनिवार्य है, तथा **ABC ID/APAAR ID** की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन में करना अनिवार्य है।
10. विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक/691/परीक्षा/शुल्क/ 2026 अम्बिकापुर, दिनांक 29/05/2026 द्वारा के अनुसार निर्धारित पंजीयन, नामांकन एवं अन्य शुल्क का भुगतान करना होगा। ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क राशि रू. 100/– (एक सौ रूपए) प्रति पंजीयन का भुगतान ऑनलाईन करना अनिवार्य है।
11. इस विश्वविद्यालय से सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी की गई अधिसूचना/अनुमति के बिना एक शैक्षणिक सत्र में एक से अधिक उपाधि पाठ्यक्रमों में तथा एक साथ दो उपाधि पाठ्यक्रमों में पंजीयन एवं नामांकन करने तथा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।
12. इस विश्वविद्यालय से सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी की गई अधिसूचना/अनुमति के बिना एक शैक्षणिक सत्र में एक से अधिक विश्वविद्यालयों में पंजीयन एवं नामांकन करने और परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।
13. विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने के संबंध में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर हेल्पलाईन नम्बर **9098399749** में सम्पर्क कर सकते हैं।

आदेशानुसार

01.07.2026

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

पृ॰ क्रमांक/ 830 /परीक्षा/नामांकन/सत्र 2026–27 अम्बिकापुर, दिनांक 01/07/2026

प्रतिलिपि –

1. माननीय कुलपति के निज सचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
2. प्राचार्य, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय एवं परीक्षा केन्द्र, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
3. उप कुलसचिव/ओ.एस.डी., परीक्षा/गोपनीय, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
4. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. भोपाल
   – की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. कार्यालयीन नस्ती।

01.07.2026

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)